उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्या : 282/25/E-1/DR/RO/ARO/ACCOUNT/2023-24 दिनांक : 03 जनवरी, 2025

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड सचिवालय/उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, समीक्षा अधिकारी (लेखा)/सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) प्रारम्भिक परीक्षा–2024

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग कार्यालय की विज्ञप्ति संख्या : 271/25/E-1/DR/RO/ARO/ACCOUNT/2023-24 दिनांक : 24 दिसम्बर, 2024 द्वारा 'उत्तराखण्ड सचिवालय/उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, समीक्षा अधिकारी (लेखा)/सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) प्रारम्भिक परीक्षा–2024' के आयोजन की तिथि दिनांक 25 जनवरी, 2025 निर्धारित करते हुए उक्त परीक्षा का प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट से दिनांक 09 जनवरी, 2025 से डाउनलोड करने की सूचना प्रकाशित की गयी थी।

उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि दिनांक 25 जनवरी, 2025 को उत्तराखण्ड राज्य में निर्धारित स्थानीय निकाय चुनाव की मतगणना के दृष्टिगत उक्त प्रारम्भिक परीक्षा की पूर्व निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए **नवीन परीक्षा तिथि 29 जनवरी, 2025 (बुधवार)** एकल सत्र में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में नियत की जाती है। उक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र दिनांक 13 जनवरी, 2025 से आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in अथवा ukpsc.net.in से डाउनलोड करना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किए जायेंगे।

-S/D-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।